# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञाप्ति

## दिनांक 10.06.2020

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे.**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा डी0एफ0ओ0 एवं अन्य अधिकारियो के साथ प्रस्तावित जैव–विविधता पार्क का किया गया निरीक्षण।**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा नालो की सफाई के कार्य का किया गया निरीक्षण।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1–नगर निगम द्वारा ककरा काकर कुंड में गर्रा नदी के किनारे प्रस्तावित जैव–विविधता पार्क के स्थल का निरीक्षण किया गया। नगर निगम द्वारा इस स्थल पर विभिन्न प्रजाति के वृक्षो का रोपण कर धना जंगल विकसित करने एवं जैव विविधता के दृष्टिगत स्थलीय स्थिति तथा मिट्टी के अनुसार पौधों के चयन का कार्य किया जाना है। इसी उददेश्य से आज दिनांक 10.6.2020 को प्रातः डी0एफ0ओ0शाहजहाँपुर एवं आर0ओ0,शाहजहाँपुर के साथ भ्रमण किया गया। वृक्षारोपण के पूर्व स्थल पर गढ्ढे खोदने,मिटटी हटाने एवं उसको उर्वर बनाने के लिये आवश्यक सुझाव दिये गये। नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अनुसार गढ्ढे खोदने एवं अन्य कार्य तथा पौधों को प्राप्त किये जाने हेतु अपेक्षित कार्यवाही किया जाये। नगर आयुक्त महोदय पार्क की बाउन्ड्री के निर्माण कार्य को शाघ्रता से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय सम्पत्ति विभाग के कर्मचारियो को नगर निगम की स्वामित्व सभी भू–खण्डो को चिन्हित कर पीलर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय के साथ प्रभागीय वनाधिकारी,शाहजहाँपुर,सहायक नगर आयुक्त,मुख्य अभियन्ता, तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी स्थल पर मौजूद रहे।

2– नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। आज दिनांक 10.6.2020 नगर आयुक्त महोदय द्वारा हददफ चौकी में कराये जा रहे नाले की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि नाले की गन्दगी को पूरी तरह से साफ नही किया गया है तथा नाले की दीवारों पर झाड़िया लगी पाई गई। ऐसी स्थिति पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को सफाई नायक तथा सम्बन्धित सफाई एवं खादय निरीक्षक का स्पष्टीकरण प्राप्त तत्प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई जोन–1 में निगोही रोड पर पानी की टंकी के पास एवं पी0डब्लू0डी0 ऑफिस से रेलवे लाइन तक, मालानगर कॉलोनी, रामनगर कॉलोनी, अशफाक नगर चौकी से सुजात खॉ की पुलिया तक एवं सुभाषनगर कॉलोनी के आगे बरुआ नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में इमली चौराहे पर होली मगंली खजंडा के पास एवं लकडी मण्डी एवं संगिनी मैरिज लॉन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 गायत्री मन्दिर के पास एवं लोहारों वाले चौराहे से हददफ चौकी तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में चारखम्बा से चौक तक, मघई टोला एवं मो0 छः कुऑ के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के मो0 गौहरपुरा से हनुमतधाम तक, ग्रीन वैली स्कूल से इसाक मियॉ की मजार तक, हनुमतधाम मन्दिर के पाछे बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 10.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य** – नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, अजीजगजं स्थित रैन बसेरा, चौक क्षेत्र, कचहरी, जज साहब का बगंला, मोटर वाहन, दुघर्टना न्यायालय, किशोर न्यायालय, खिरनीबाग सराय, लाला तेली बजरिया, आवास विकास कालोनी, नवोदय विधालय,चर्च कॉलोनी मण्डी समिति एवं सभी मन्दिर, मस्जिद, एवं **फागिंग का कार्य**– नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, नवादा, स्टेअ गार्डेन, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज, मुमुक्ष आश्रम, रैन बसेरा, दिलाजाक, ऑफीसर्स कॉलोनी,आदर्श नगर कालोनी में कराया गया।

**कल दिनांक 11.06.2020 को रोस्टर के अनुसार** जलालनगर,अशोक बिहार,सैनिक कालोनी, शांतिपुरम गौटिया, आवास विकास, लाला तेली बजरिया, बहादुरपुरा, लोहिया कालोनी, चमकनी करबला,कृष्णानगर माधोनगर, मक्कू बजरिया, महमंद हददफ, मन्सूरी कालोनी, ककरा कलां, ककरा खुर्द, यूनुसखेल,मदराखेल,बर्कजई,बंगश,गौहरपुरा, अजीजगंज,नवादा इन्देपुर,मढ़ा कालोनी, तारीन गाड़ीपुरा,ख्वाजा फिरोज, सम्पूर्ण रौजा क्षेत्र आदि मोहल्ले मे कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
10/6/2020